अवैध 'मिनी कट्टीघरों' पर डीएम ने लगाया 'ताला'

भारी मात्रा में मिले पशुओं के अवशेष, 11 कट्टीघरों को किया सीज, आज चल सकता है अवैध कट्टीघरों पर महाबली

अलीगढ़। अवैध भूमाफियाओं पर जिलाधिकारी का 'हंटर' जमकर चल रहा था, वहीं शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर कमेला रोड अवैध मिनी कट्टीघरों पर छापेमारी करते हुये भारी मात्रा में पशुओं के अवशेष व मांस मिला। 'मिनी कट्टीघरों' को प्रशासनिक अफसरों व पुलिस फोर्स व नगर निगम की टीम के साथ सील कर दिया।

गणेश चतुर्थी के शुरू होने के एक दिन बाद प्रशासन ने तुंरत अलर्ट हो गया और प्रशासनिक अधिकारियों व नगर निगम ने पुलिसबल के साथ शुक्रवार को कमेला रोड पर पहुंच गये। जैसे ही उन्होंने 'मिनी कटटीघर' पर छापामारा। छापा मारते हुये अंदर पहुंचे तो पशुओं के खाल लटकी हुई थी और मांस के अवशेष पूरी तरह से इधर-उधर पड़े हुये थे। इन गोदाम में पशुओं के मुंड सड़ते हुए, पशुओं के अपशिष्ट सड़ते हुए, पशुओं की पेटा, खाल, हड्डी आदि अवशेषों के साथ-साथ कई गाड़ी ट्रक मय गोदाम के सील कर संबंधित थाने के हवाले कर दिए गए। टीम ने 11 अवैध 'मिनी कट्टीघरो' पर छापामारा और सभी को सीज कर दिया। शनिवार को सीज किये हुये अवैध 'मिनी कट्टीघरो' से अवशेषों को दफनाया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी नगर श्याम बहादुर सिह ने बताया कई दिनों से जिला प्रशासन को बदबू आने की शिकायत प्राप्त हो रही थी, दोपहर में जिला प्रशासन पुलिस नगर निगम की अलग-अलग टीमें तैयार कर गोदामों पर छापेमारी कार्रवाई की गई भारी मात्रा में पशुओं के सड़ते हुए अवशेश प्राप्त होने पर गोदामों को सील किया गया जिसके कारण बदबू आ रही थी। उन्होंने बताया कुल 11 परिसर को सील किया गया है। अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि सील किए गए गोदाम स्वामियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराए जाने की कार्रवाई की जा रही है उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गोदामों में पकड़ी गई सामग्री को रखने व संचालित करने हेतु कोई भी वैधानिक अनुमति जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा नहीं दी गई थी सभी गोदाम अवैध रूप से संचा. लित हो रहे थे जिसके कारण शहर के वातावरण दूषित ही रहा था। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सील किए गए गोदामों को शनिवार सुबह ध्वस्त करते हुए जब्त किए गए पशुओं के अवशेष को दफनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कमेला रोड पर सबसे पहले हाजी सलीम अतरौली वाले हाजी जावेद यामीन पत्रकार रईस अतरौली छोटे पुत्र ताहिर आस मोहम्मद बबलू पुत्र बाबू , आज़ाद पुत्र अज़ीज़ तथा हाजी मुकीम पुत्र जमील आदि के गोदामों को सील किया गया है। उन्होंने कहा शहर के वातावरण से खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी गोदामों को बलपूर्वक बंद करने के साथ-साथ पचब की सुसंगत धाराओं में पित दर्ज की जाएगी। अभियान में अपर जिलाधिकारी नगर श्याम बहाद. ुर सिह, पुलिस अधीक्षक नगर अतुल श्रीवास्तव सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी विशाल पांडेय, नायब तहसीलदार राज. कुमार गुप्ता, कर अधीक्षक अजीत कुमार राय, अहमद हसन, एहसान रब, आरसी सैनी, डॉ प्रतीक, डॉक्टर कुशलपाल, डॉक्टर सुमित, राजीव सिरोही आदि साथ थे।

24 घंटे बाद नपेगे अफसर

जिलाधिकारी ने एडीएम सिटी और एसपी सिटी को 24 घंटे के अंदर जो भी दोषी है तथा इस अवैध गोरखधंधे में लिप्त है, उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

अब नहीं आयेगी दुर्गन्ध

गणेश चतुर्थी पूरे महानगर में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है इसी पर्व पर लोगों को शाम ढलते ही दुर्गन्ध का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब शुक्रवार को हुई इस कार्यवाही के बाद महानगरवासियों को दुर्गन्ध से निजात मिलेगी और इस पर्व को भी भक्तजन धूमधाम से मनायेगे।

अफसरों का संरक्षण!

सवाल उठता है कि लम्बे समय से जो अफसर तैनात थे क्या, उनको इस अवैध 'मिनी कट्टीघरो' की खबर नहीं थी या उन्ही के संरक्षण में यह गौरखधंधा चल रहा था। यह जांच का विषय है। आखिरकार अब जाकर कैसे इन अफसरों को इन अवैध 'मिनी कट्टीघरों' की याद आ गयी।

12 साल बाद हुई बड़ी कार्यवाही

2006 के बाद 14 सितम्बर 2018 को अवैध कट्टीघरों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही हो पायी है। बता दें कि तत्कालीन जिलाधिकारी संतोष यादव के निर्देश पर 32 अवैध कट्टीघरों को उस दौरान तोड़ा गया था। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद कुछ रोक तो लग पाई, मगर पूरी तरह से अवैध कारोबार बंद नहीं हो पाया था। जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह के निर्देश पर अधिकारियों ने दोपहर बाद एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है।

आज होगी पंचायत

अलीगढ़। भाकियू की पंचायत अघान पार्क मे राजेश कुमार ने किया पंचायत मे किसानों की ज्वलत समस्याओं के हल न होने पर आक्रोश व्यक्त किया और आर-पार की लड़ाई छेड़ने का ऐलान किया। निर्णय लिया कि वोट के लालच मे सरकार ने 80 प्रतिशत जनता को संकट मे डाल दिया है एससी व एसटी एक्ट का संसोधनीय अध्यादेश गले का फन्दा है, इसे वापस कराकर ही भाकियू दम लेगी।

किसान समस्याओ के बारे मे अपने सम्बोधन मे भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष हरपाल सिंन ने कहा कि गाय व साड़ो के 100 की संख्या के झुन्ड धाम आदि फसलों को बर्बाद करा रहा है। लेकिन सरकार प्रभावी कार्यवाही नही कर रही है। कर्जा मुक्त किये जाये 15 सितम्बर को खैर तहसील के इगलास तहसील पर पंचायते होगी जबकि 16 व 17 को लखनऊ मे होगी। इस अवसर पर चन्द्रमान सिंह चौहान यशपाल सिंह, शिवशंकर, भूदेव, महेन्द्र सिंह, राजकुमार, नरायन सिंह, मुलवीर सिंह, आर0पी0 सिंह, आदि थे।

स्वागत किया

अलीगढ़। भाजपा जिला. उपाध्यक्ष व जिलाप्रभारी अनूसूं. चत मोर्चा भाजपा का ठा0 गोपाल सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा के द्वारा विक्रम जीनवाल को मनोबीत किये जाने पर छर्रा विधानसभा पनेठी पर फूलों की मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद, कंठीलाल, दीपक, संजय कुमार, राजेश, रिकंल, रुवित, नाथुराम, भूपसिंह, नीलू, अमित कुमार, रवि कुमार अजय कुमार, संजीव कुमार, गौरव कुमार, रुपकिशोर आदि लोग मौजूद थे।

भारत की शान 'हिन्दी' को मिले राष्ट्रभाषा का दर्जा

अलीगढ़। हिन्दी है भारत के माथे के बिन्दी, भारत व भारतीयों की शान है हिन्दी। हिन्दी देश में सर्वाधिक बोलने व समझे जाने वाली भाषा बनती जा रही है। देश की एकता को अक्क्षुण रखना है तो, हिन्दी को राष्ट्र भाषा की स्वीकृति संवैधानिक रूप से दिया जाना अति आवश्यक है।

उक्त विचार हिन्दी दिवस पर स्थानीय एक होटल में आयोजित 'हिन्दी माला-व्याख्यान एवं सम्मान समारोह' में वक्ताओं ने व्यक्त किये। कार्यक्रम के संयोजक पंकज धीरज ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आयोजन के सम्बन्धा में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

हिन्दी माला का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ मुख्य वक्ता व हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य योगेश भारद्वाज ने किया। भाषाविद सुरेन्द्र शर्मा ने हिन्दी भाषा के 52 अक्षरों को 52 शक्तिपीठों से जोड़ कर हिन्दी के अन्दर, अन्तर्निहित शक्तियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में साहित्यविद अशोक अंजुम, प्रेम किशोर पटाखा, निश्चल तथा सामाजिक कार्यकर्ता भूपेन्द्र जैन, अशोक चौधारी, मजहर उल कमर, विद्यार्वण शर्मा आदि के अलावा पत्रकार संजय कुमार, रतन वार्ष्णेय, आरपी शर्मा, देवेन्द्र वार्ष्णेय, सतेन्द्र कुलश्रेष्ठ, प्रतीक सुहृद आदि को सम्मान स्वरूप माँ सरस्वती की तस्वीर भेंट की।

जबकि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से योगेश शर्मा, इंजी. हिमांशू मित्तल गुप्ता, विशाल सक्सैना, रविन्द्र राष्ट्रीय, पारस मणि, सुभाशीष पटाखा, ज्ञानेश शर्मा, राहुल नवरत्न आदि रहे।

अम्बेडकर कालोनी में विचार गोष्ठी

मानव सेवादल संस्थान के तत्वावधान में अम्बेडकर कॉलोनी मे एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वक्ताओं ने हिन्दी भाषा के महत्व और प्रचार प्रसार पर प्रकाश डाला। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुये, मानव सेवादल संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष के0बी0मौर्य ने कहा कि शुक्रवार 1949 को भारतीय संविधान सभा मे एक मत होकर यह निर्णय लिया कि हिन्दी ही राष्ट्र की राजभाषा होगी। इस अवसर पर कपिल वर्मा, सानिध्य मौर्य, मुकेश, मंयक, मंजीत सिंह, के0पी0 सिंह, रजत प्रताप, अनिल, बोहरे, सुरेश गांधी, महेन्द्र सिंह, अतुल शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

हिंदी पखवाड़े का आयोजन

आकाशवाणी के तत्वावधान में आकाशवाणी के ही अनूपशहर रोड स्थित सामुदायिक केन्द्र में हिन्दी पखवाड़ा का विधिवत शुभारंभ व उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में डा0 नीरज गोयल, प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल दरकौली सासनी एंव कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वतंत्र वरिष्ठ फोटो जर्निलिस्ट श्री मनोज अलीगढ़ी थे। समारोह का दीप प्रज्वलन अतिथियों के साथ मयंक कुमार, उप महानिदेशक (ई0) ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पी0 एल0 पिप्पल, वाई0के0 वर्मा, रामअवतार शर्मा, बी0के0 मिश्रा, एन0के0 गुप्ता, भगवान सिंह, भगवती प्रसाद, राजेश्वर मुकुल, सुनील कुमार सिंह आदि थे।

मीरा के हृदय की पडा हिंदी....

हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दू इण्टर कालेज में हिन्दी दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आयकर आयुक्त सुनील वाजपेयी, मुख्य वक्ता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ.शम्भूनाथ तिवारी रहे तथा अध्यक्षता कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ.दिनेश कुमार शर्मा ने की तथा सुविख्यात कवित्रय नरेन्द्र शर्मा, सुभाष सिह तोमर एवं भारती शर्मा ने काव्य-पाठ किया। समारोह का श्री गणेश समारोह अध्यक्ष, मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता एवं आमंत्रित कविगण द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ.शम्भू नाथ तिवारी ने हिन्दी की बारीकियों को बहुत सरल ढंग से समझाते हुए कहा कि हिन्दी के प्रयोग में बहुत सावधानी अपेक्षित है।

श्री सुभाष सिह तोमर ने कहा कि मीरा के हृदय की पीडा हिन्दी, रसखान की प्रेम-रस धारा है, रामचरित मानस की चन्द्रिका, सूरसागर का उजियारा है, कबिरा की है मस्ती हिन्दी, रसखान की प्रेम-रस धारा है, जायसी की भक्ति भावना, महादेवी की गहन प्रीति हिन्दी है।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सुशील कुमार शर्मा, नेत्र पाल सिह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सरस, सफल एवं प्रशंसनीय संचालन गोपाल शुक्ला ने किया। इस अवसर पर राजेश कुमार, राम प्रताप सिह, देवेंद्र सिह, हरिकृष्ण शर्मा, सुभाषचंद्र शर्मा, जसवंत सिह, निवास शर्मा, अर्जुन देव, सुकेश कुमार आदि रहे।

डीयू में विजयशंख बजाने पर बांटी मिठाई

अलीगढ़। दिल्ली विश्वविद्यालय के चुनाव में अध्यक्ष उपाध्यक्ष संयुक्त सचिव की तीनों सीटों पर जीत के बाद अचलताल तिराहे पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया।

जिला संयोजक सीटू चौधरी ने कहा यह जीत विद्यार्थी परिषद के 365 दिन कार्य करने का नतीजा है विद्यार्थी परिषद वर्ष भर के 365 दिन लगातार छात्रहित व राष्ट्रहित के लिए कार्य करता है और कहां जिस तरह से विद्यार्थी परिषद के तीनों पदों पर जीत मिली है उससे साफ है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के अंदर एनएसयूआई और अन्य संगठनों को पूरी तरह से नकार दिया गया है और यह जीत राष्ट्रवादी विच. ारधारा की है।

इस दौरान प्रमुख रुप से प्रदेश मंत्री योगेन्द्र वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित शर्मा, करन आर्य, सचिन सिह, अमित चौधरी, उमेश यादव, प्रमिता, सुभम बघेल, अखिलेश गौतम, विनय चौधरी, पुष्पेन्द्र बघेल, कुलदीप, सोनूपाल बॉबी, दर्शन चौहान, तनिष्क, प्रताप सिह आदि रहे।

देवछट के मेला में उमड़ी भीड़, निकाला डोला

अकराबाद। क्षेत्र के कस्बा कौड़ियागंज में गुरूवार को कस्बा के लोगों द्वारा देवछट के पचासवे मेला का आयोजन श्रीदाउजी महाराज का डोला निकालकर किया गया है। मेला का शुभारम्भ गणेश शर्मा एडवोकेट ने झंडी दिखाकर किया। इस दौरान कमैठी के लोगों ने मुख्य अतिथि का माला पहनाकर स्वागत किया।

डोले की शुरूआत लगभग एक दर्जन झांकियों एवं बैंडवाजों के साथ मौजीराम धर्मशाला से शाम पांच बजे हुई तथा मेले का समापन कस्बा के मेन बाजार स्थित श्री दाउदी मंदिर पर किया गया। आस पास के गांव से आए महिला पुरूष व बच्चों के साथ कस्बावासियों ने मेले में मिष्ठान व खेल खिलौनों की सजीं दुकानों से जलेबियां व खिलौने खरीद कर रंगारंग कार्यक्रमों का जमकर आनंद लिया।

मेला में मां काली के स्वरूप ने अपने कर्तव दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। मेला में सहयोग करने वालों में कमैठी के अधयक्ष संजय वार्ष्णेय, बिंटू वार्ष्णेय, अखिलेश महाजन, कुल्दीप लोधी, गौरव ठाकुर, बिट्टू वार्ष्णेय, विनोद शर्मा, राहुल वर्मा मोनू वार्ष्णेय, सौरव महाजन, विनय महाजन, तरूण अग्रवाल, मनोज वार्ष्णेय, सौरव वार्ष्णेय, हिमांशू वार्ष्णेय आदि लोग मौजूद रहे।

सट्टे की खाईबाड़ी करते पकड़ा

इगलास। कोतवाल अजीत सिह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआइ नरेश कुमार ने गांव पढ़ील से संजय पुत्र श्यामलाल को सटे की खाईबाड़ी करते हुए पकड़ा था। आरोपित से 420 रु पये व सटा पर्ची बरामद हुई थी। इसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर थाने से जमानत पर छोड़ा गया है।

स्वच्छता पर देना होगा ध्यान

अलीगढ़। महर्षि गौतम इ0 कालेज गायत्रीनगर स्वच्छ भारत मिशन विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शकुन्तला भारती पूर्व मेयर मुख्य अतिथि के रुप मे आमंत्रित थी। साथ ही साथ स्वच्छ भारत मिशन विषय पर एक रैली का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी मे कहा कि स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। जिससे हमारा परिवार स्वस्थ रहे। हम एक खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके। धर्मेन्द्र कुमार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन विषय के बारे मे प्रकाश डाला।

इस अवसर पर नेरन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य, नरेन्द्र गुप्ता, प्रदीप सिंह, सतीश कुमार, ने भी विचार व्यक्त किये।

गृह क्लेश में युवक ने लगाई फांसी

अलीगढ़। मडराक क्षेत्रान्तर्गत रामनगर में गृह क्लेश के तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत कर ली। जिसके शव को पुलिस ने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सौंप दिया।

आगरा रोड के मडराक क्षेत्र के गाँव-रामनगर में गृह क्लेश से तंग आकर 30 वर्षीय अशोक कुमार पुत्र प्यारेलाल ने शुक्रवार सुबह चुन्नी से फंदा लगाकर की आत्महत्या। उसको फंदे पर लटका देख परिजनों की चींख निकल गई। पडौसी भी एकत्रित हो गये और पुलिस को सूचना दे दी। मृतक विवाहित था उसके दो छोटे बच्चे 1 लड़का (8 वर्ष) और 1 लड़की (5 वर्ष) की है।

महंगा पडा छात्रा को प्रपोज करना

खैर। कस्बा के कन्या इंटर कालेज के सामने कक्षा 11 की छात्रा को प्रपोज करना युवक को महंगा पड गया। पहले तो छात्रा ने छात्र की बात को अनसुना कर दिया। युवक ने दूसरी बार छात्रा से दोस्ती की पेशकश की। युवक द्वारा दोस्ती के लिये की गई पेशकश से छात्रा बौखला गई और उसने युवक को चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच पुलिस की गाडी के सायरन की आबाज सुनकर युवक भागने में सफल रहा।

❖छात्रा ने युवक की पिटाई ❖ पुलिस को देख कर भागा युवक

सोफा क्षेत्र की छात्रा कस्बे के कन्या इंटर कालेज में ग्यारह की छात्रा है। प्रतिदिन की भॉति वह बस से उतरी और स्कूल की तरफ चलने लगी। इसी बीच एक युवक आया दोस्ती करने की बात कहने लगा। छात्रा ने पहले तो युवक की पेशकश को नजरअंदाज कर दिया। युवक के दूसरी वार दोस्ती के निवेदन पर छात्रा भडक गई और चप्पलों से युवक की पिटाई शुरू कर दी। मैन रोड पर युवक की हो रही पिटाई को देख राहगीर भी रूक गये। इसी बीच पुलिस की गाडी के सायरन की आबाज को सुनकर युवक छात्रा से छूट कर भाग गया। इसी बीच स्कूल का स्टाफ आ गया और छात्रा के साहस की प्रशंसा की। इंस्पेक्टर अरविंद राठी ने बताया कि स्कूल कालेज के रास्तों पर एंटी रोमियो टीम की डयूटी लगाई गई है। मनचलों के खिलाफ व्यापक धड पकड अभियान चलाया जा रहा है।

खौफ का पर्याय बना एंटी रोमियो अभियान

❖पुलिस की गाडी देख कर भागे मनचले

खैर। डीजीपी के आदेश पर कस्बा खैर में चल रहे एंटी रोमियो अभियान से आवारा टाइप मजनुओं में हडकम्प मचा हुआ है। मनचलों ने स्कूल कालेजों के आस पास मंडराना बन्द कर दिया है। शुक्रवार को चले अभियान में टीम ने दस मनचलों को पकडा तथा हिदायत देकर व उनके घर पर फोन कर छोड दिया है।

बता दें कि पुलिस महानिदेशक के आदेश पर कस्बा खैर में एक सप्ताह से एंटी रोंमियो अभियान चल रहा है। टीम द्वारा प्रतिदिन स्कूल जाने व छुटटी के समय स्कूल कालेजों के बाहर मौजूद रहने से मनचलों में हडकम्प मचा हुआ है। शुक्रवार को टीम प्रभारी वाईपी सिंह व दरोगा अनीता सैनी ने दस मनचलों को पकडा तथा उनके घर फोन कर उनकी लोकेशन पूछी तथा हिदायत देकर छोड दिया। वकौल टीम प्रभारी वाईपी सिंह स्कूल कालेजों के वाहर मडंराने वाले तथा आने जाने वाली छात्राओं पर छींटाकशी करने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान चल रहा है। दूसरी वार पकडे जाने पर मनचलों के खिलाफ बैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

शिक्षकों ने दिया 11 सूत्रीय ज्ञापन

अलीगढ़। माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन प्रान्तीय आवाहान पर जयप्रकाश शर्मा गया। राजेन्द्र कुमार वार्ष्णेय ने 11सूत्रीय ज्ञापन जितेन्द्र कुमार मलिक मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निद. शक के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया। जिसमें प्रमुख मांगे पुरानी पेन्सन योजना की बहाली, वित्त बिहीन शिक्षको को सम्मान जनक मानदेय, का भुगतान, अघतन नियुक्त तदर्थ शिक्षको। प्रधानाचार्य को विनियमिती करण शिक्षा विभाग मे व्याप्त भ्रष्टाचार की समाप्ति आदि मांगे रखी मण्डल अध्यक्ष थे जिलामंत्री दिलीप कुमार पालीवाल ने कहा कि हाईस्कूल के प्रधानाध्यापकों को सामान्य वेतन लेविल 10के स्थान 11 मे लाया जाये। धरने पर सुनील दत्त शर्मा, डा0 प्रभुदयाल अग्रवाल, घनेन्द्र शर्मा, रमन प्रक. ाश, कपिल वार्ष्णेय, मंगलसेन वार्ष्णेय, हरीश वर्मा, प्रेमकिशोर शर्मा, एस0पी0सिंह, संजय शर्मा, अच्चन लाल गुप्ता, पूरन चन्द्र शास्त्री, मुकेश शर्मा, मधु सारस्वत, साधना सक्सैना, राजरानी शर्मा, विकास शर्मा, डा0 विष्णु कुमार कुशवाह, सतीश चन्द्र शर्मा, हीरालाल, कैलाश नारायण आदि थे। संचालन मण्डलीय महेन्द्र पाल शास्त्री ने किया।

आदित्य पंडित को जान का खतरा

अलीगढ़। हिन्दु युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष छात्र नेता आदित्य पंडित ने कहा कि कुछ लोग मेरे खिलाफ षडयंत्र रचकर मुझे फंसाना चाहते है। मैने मोदी के सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिये एक दलित भाई का साथ दिया था और मोदी एंव योगी सरकार के सरकारी धन का गबन करने वाले शिक्षण संस्थानों के खिलाफ मुहिम छेडी है, तो विशेष वर्ग के लोग मुझे अप्रत्यक्ष रुप मे धमकाने का कार्य कर रहे है। मुझे मेरी जान का भी खतरा है। परिणाम चाहे जो भी हो परन्तु मैं दलितों का शोषण एवं सरक. ारी धन का गबन किसी भी कीमत पर नही होने दूंगा।

अमुवि में शेरवानी के आदेश को समाप्त कराने की मांग

अलीगढ़। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के महानगर मंत्री द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक पत्र भेजा गया। जिसमें उन्होंने मांग की है कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में विधि एवं न्याय के विरुद्ध शेरवानी पहनने का आदेश पारित किया गया है जिस को समाप्त किया जाए। शेरवानी पहनने का निर्देश पारित करने वाले अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कमियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। ज्ञापन में अरविद यादव, विकास राजपूत, नरेश सविता, सुनील कुमार, मोहित बघेल, प्रमोद चौधरी आदि थे।

कोतवाल ने महिला को मायके पहुंचाया

इगलास। कोतवाली सासनी के गांव ऊसरी से मारपीट कर घर से निकाली गई महिला को कोतवाल ने प्रयास करके उसके मायके गोरई में पहुंचाया है।

शुक्रवार को एक महिला सासनी रोड पर एक मंदिर पर अकेली बैठी हुई थी। महिला को अकेला देखकर पुलिस कर्मियों ने कोतवाल अजीत सिह को जानकारी दी। कोतवाल के निर्देश पर महिला को गाड़ी से कोतवाली लाया गया। महिला के साथ उसके बेटे द्वारा की गई मारपीट के कारण वह न तो बोल पा रही थी तो उससे धीरे-धीरे जानकारी करके पता लगाया कि उसके भाई का नाम बौहरे है, चौकी इंचार्ज के माध्यम से महिला के भाई को बुलाकर उनको सोंप कर नेक कार्य किया। इस घटना को लेकर पीड़िता के भाई तथा अन्य लोगों ने कोतवाल का आभार ज्ञापित भी किया। पीड़िता के भाई का कहना है कि उसकी शादी सासनी के गांब बसगोई के मजरा ऊसरी निवासी आकाश उर्फ बबलू के साथ हुई थी उसके एक बेटा भी है जो उसके साथ अक्सर मारपीट करके घर से निकाल देता है।